पत्रांक–11/से०सं०–11–01/2026 – 240

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

प्रेषक,

सरफराज अहमद,
अवर सचिव (प्रबंधन),
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार
प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लि०, पटना

/पटना, दिनांक –13/01/26

विषयः–जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन विभिन्न विभागों/कार्यालयों में कार्यरत सहायक अभियंताओं (असैनिक) की सेवा संपुष्टि संबंधी आवेदन/प्रस्ताव उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वर्ष 2023 में नियुक्त सहायक अभियंताओं (असैनिक) की सेवा संपुष्टि का मामला विभागीय स्तर पर विचाराधीन है। उक्त अभियंताओं की सेवा संपुष्टि संबंधी आवेदन/प्रस्ताव अप्राप्त रहने के कारण अग्रेतर कार्रवाई करने में कठिनाई हो रही है।

अतः अनुरोध है कि अपने परिक्षेत्राधीन/विभागों में जल संसाधन विभाग के पदस्थापित वैसे सहायक अभियंताओं (असैनिक) जिनकी नियुक्ति वर्ष 2023 में हुई है, की सेवा संपुष्टि संबंधी आवेदन/प्रस्ताव निम्नलिखित कागजातों के साथ एक पक्ष के अंदर अधोहस्ताक्षरी को निश्चित रूप से उपलब्ध कराने की कृपा की जाय :–

**वांछित कागजात**

1. **प्रथम प्रभार ग्रहण (प्रपत्र–202)/सेवा विनियमन संबंधी आदेश की अभिप्रमाणित प्रति,**
2. **राजस्व पर्षद, बिहार, पटना द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा उत्तीर्णता संबंधी परीक्षाफल की अभिप्रमाणित प्रति,**
3. **विभागीय व्यवसायिक परीक्षा उत्तीर्णता संबंधी परीक्षाफल की अभिप्रमाणित प्रति,**
4. **प्रवेशकालीन प्रशिक्षण प्राप्ती संबंधी प्रमाण पत्र।**

विश्वासभाजन

13/01/26

(सरफराज अहमद)
अवर सचिव (प्रबंधन)

ज्ञापांक–11/से०सं०–11–01/2026 – 240 /पटना, दिनांक–13/01/26

प्रतिलिपिः– सभी अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार/ निदेशक, क्रय परिवहन एवं सामग्री निदेशालय, पटना/संयुक्त निदेशक, बाढ़ प्रबंध सुधार सहायक केन्द्र, पटना/उप सचिव, कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/01/26
अवर सचिव (प्रबंधन)

ज्ञापांक–11/से०सं०–11–01/2026 – 240 /पटना, दिनांक–13/01/26

प्रतिलिपिः– संबंधित सभी सहायक अभियंताओं (असैनिक) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश है कि वर्ष 2023 में सहायक अभियंता (असैनिक) के पद पर नियुक्त पदाधिकारी अपना सेवा संपुष्टि संबंधी आवेदन वांछित कागजातों सहित अपने नियंत्री पदाधिकारी को एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

13/01/26
अवर सचिव (प्रबंधन)

ज्ञापांक–11/से०सं०–11–01/2026 – 240 /पटना, दिनांक–13/01/26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियन्ता आई० टी०, जल संसाधन विभाग, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने तथा आई० टी० मैनेजर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को Common Integrated Website (www.state.bihar.gov.in) पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/01/26
अवर सचिव (प्रबंधन)